आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :473 पृष्ठ -4 दिनांक 08 मई 2025 दिन गुरूवार

## मायावती ने की भारतीय सेना की तारीफ, शिवपाल यादव बोले- वीरता हमारा धर्म है

### भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय सेना की 'ऑपरेशन सिंदूर' कार्रवाई गौरवमय व सराहनीय



भारतीय सेना ने एक बार फिर देश की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से की गई सर्जिकल स्ट्राइक में सेना ने पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया है. जिसके बाद पूरा देश भारतीय सेना की जय–जयकार कर रहा है. भारतीय सेना के इस पराक्रम पर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती की भी प्रतिक्रिया सामने आई हैं. उन्होंने सेना के इस ऑपरेशन की खुलकर सराहना की है. बुधवार सुबह मायावती ने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, श्पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की 'ऑपरेशन सिंदूर' कार.'वाई गौरवमय व सराहनीय.श उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से देश की सुरक्षा मजबूत होती है और सेना का मनोबल भी ऊंचा होता है. मायावती इससे पहले भी पुलवामा हमले के बाद की गई एयर स्ट्राइक और उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक का समर्थन कर चुकी हैं. पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है. देश के तमाम लोग सोशल मीडिया पर सेना की इस कार्रवाई की जमकर तारीफ कर रहे हैं. वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने सेना के पराक्रम को नमन करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से देश की सीमाएं सुरक्षित होती हैं और यह आतंकवाद को स्पष्ट संदेश देता है कि भारत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने भी पाकिस्तान पर की गई इस कार्रवाई के लिए भारतीय सेना की जमकर तारीफ की और कहा कि वीरता ही हमारा धर्म है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा– श्वीरता स्वधर्मः, विजयः फलम्.. वीरता हमारा धर्म है, और विजय उसका फल.श पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने मंगलवार रात को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में चलाए जा रहे आतंकी कैंपों पर एयर स्ट्राइक की. इस ऑपरेशन में सेना ने पाक में चल रहे नौ आतंकी कैंपों को नेस्तोनाबूत कर दिया. खुफिया एजेंसियों की जानकारी के आधार पर इन ठिकानों की पहचान की गई थी, जहां भारत के खिलाफ आतंकी हमले की साजिशें रची गई थीं. सेना ने बेहद सटीक और तेज कार्रवाई कर इन अड्डों को ध्वस्त कर दिया.

## सीएम योगी ने दी केशव प्रसाद मौर्य के जन्मदिन पर बधाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को जन्मदिन की बधाई दी है जिस पर उपमुख्यमंत्री ने उन्हें धन्यवाद दिया और अपने जन्मदिन की बधाई को भारतीय सेना के पराक्रम को समर्पित करते हुए इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ और निर्णायक नेतृत्व को दिया. आज 7 मई को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जन्मदिन है. इस मौके पर सीएम योगी ने उन्हें शुभकामनाएं संदेश देते हुए उनकी लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना की. मुख्यमंत्री ने लिखा– उत्तर प्रदेश सरकार में हमारे वरिष्ठ सहयोगी, माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आपको सुदीर्घ, सुयशपूर्ण जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो. सीएम योगी के इस शुभकामना संदेश पर केशव प्रसाद मौर्य ने भी प्रतिक्रिया दी और उन्हें धन्यवाद देते हुए एक्स पर पोस्ट किया– श्माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, आपकी आत्मीय व भावपूर्ण शुभेच्छाओं के लिए धन्यवाद एवं हृदयतल से आभार! यह बधाई सच्चे अर्थों में समर्पित है– माँ भारती के वीर सपूतों को, भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ व निर्णायक नेतृत्व को. वंदेमातरम्! यह बधाई सच्चे अर्थों में समर्पित है – माँ भारती के वीर सपूतों को, भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को एवं यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ़ व३ ब्रजेश पाठक और राजभर ने भी दी बधाईडिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी केशव प्रसाद मौर्य को उनके जन्मदिन की बधाई दी है. उन्होंने लिखा– श्उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.श वहीं ओम प्रकाश राजभर ने लिखा– श्विकास, समर्पण और नेतृत्व का प्रतीक व्यक्तित्व.. उत्तर प्रदेश सरकार के यशस्वी उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. आपका राष्ट्र निर्माण में योगदान, सामाजिक समरसता हेतु प्रयास और जनहितकारी दृष्टिकोण सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा. ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं.

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद यूपी पुलिस एक्शन में, राज्य भर में रेड अलर्ट

भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए पीओके में चलाए जा रहे नौ आतंकी कैंपों पर एयर स्ट्राइक कर नेस्तोनाबूत कर दिया है. जिसके बाद उत्तर प्रदेश में एहतियात बरतते हुए सभी जिलों में लोगों को सावधान रहने का अलर्ट जारी किया गया है. यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पूरे प्रदेश में बुधवार को रेड अलर्ट जारी किया. इसके साथ ही प्रदेश में आज 7 मई को युद्ध की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल भी करवाई जाएगी. पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद यूपी अलर्ट मोड पर है. डीजीपी ने सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं और अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही सरकारी प्रतिष्ठान से लेकर भीड़ वाली जगह पर निगरानी सहित सतर्कता बरतने को कहा गया है. डीजीपी ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा बलों के साथ समन्वय स्थापित करने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मजबूत की जाए. यूपी में रेड अलर्ट जारीडीजीपी ने कहा कि प्रदेश की पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सतर्क है और पूरी तरह से तैयार, सुसज्जित हैं. भारतीय सेना ने 6–7 मई की दरमियानी रात को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए पाकिस्तान के अंदर घुसकर एयर स्ट्राइक की. सेना की इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया. जिसके तहत आतंकियों के नौ बड़े ठिकानों को तबाह किया गया है. इसमें जैश ए मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर ए तैयबा का ठिकाना मुरीदके भी शामिल हैं. बता दें कि इस बीच यूपी में आज सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल भी कराई जाएगी, इसके लिए प्रदेश के 17 जिलों को चिन्हित किया गया है. इन जिलों को तीन कैटेगरी में विभाजित किया गया है. जिन्हें कैटेगरी ।,ठ और ब् का नाम दिया गया है. ये मॉक ड्रिल आज बुलंदशहर (नरोरा) बागपत, मुजफ्फरनगर, आगरा, इलाहाबाद (प्रयागराज) , बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, बख्शी का तालाब (लखनऊ), मुगलसराय (चंदौली जिला) और सरसावा (सहारनपुर) जैसी जगहें शामिल हैं.

## पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर सीमा हैदर की पहली प्रतिक्रिया



जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने श्ऑपरेशन सिंदूरश के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी अड्डों को ढेर कर दिया है. भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय के लोग सेना की सराहना कर रहे हैं. इसी बीच अब पाकिस्तान से भारत आईं सीमा हैदर की भी प्रतिक्रिया सामने आई है.भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सीमा हैदर का इंस्टाग्राम पर एक वीडियो सामने आया है. "ममउंऋंबीपद10 यूजर आईडी से शेयर हुए इस वीडियो में सीमा हैदर ने कहा हिंदुस्तान जिंदाबाद, जय हिंद जय भारत. इसके साथ ही सीमा हैदर ने दूसरे पोस्ट में लिखा– जय हिंद, ऑपरेशन सिंदूर, इंडियन आर्मी. बता दें कि पहलगाम हमले के बाद भारत में सीमा हैदर को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे थे, कि सीमा हैदर को भी पाकिस्तान भेज देना चाहिए. हालांकि सीमा हैदर की नागरिकता को लेकर अभी भारत सरकार की तरफ से कोई भी कदम नहीं उठाया गया है. पहलगाम हमले पर सीमा ने व्यक्त किया था दुखइससे पहले पहलगाम हमले को लेकर भी सीमा हैदर ने दुख व्यक्त किया था. सीमा हैदर के वकील एपी सिंह ने बताया था कि सीमा पहलगाम हमले के बाद काफी दुखी हैं और उन्होंने कहा कि इस हमले में निहत्थे पर्यटकों की हत्या हुई वह बहुत दुखद है.अवैध रूप से भारत में आईं थीं सीमा हैदर बता दें कि सीमा हैदर एक पाकिस्तानी नागरिक हैं और वह 13 मई 2023 को नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत में आईं थीं. वह भारत में इपने प्रेमी सचिन मीणा से मिलने आई थीं. हालांकि अब उन दोनों ने शादी कर ली है और वह साथ उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा गांव में रह रही हैं. हाल ही में सीमा ने एक बेटी को भी जन्म दिया है, लेकिन पहलगाम हमले के बाद जब भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तानी ना.गिरकों को वापस अपने देश जाने के लिए कहा गया तो फिर से सीमा हैदर का नाम चर्चा में आ गया. हालांकि अभी तक सरकार या जिला प्रशासन की तरफ से सीमा को पाकिस्तान भेजे जाने को लेकर कोई जानकारी नहीं आई है.

## उत्तराखंड एक छात्र पर सात शिक्षक फिर भी फेल, सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



उत्तराखंड के नैनीताल जिले में सरकारी शिक्षा व्यवस्था की हकीकत बयां करता एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. ओखलकांडा ब्लॉक स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भद्रकोट में हा.ईस्कूल कक्षा में इस वर्ष केवल एक ही छात्र पंजीकृत था, जिसे पढ़ाने के लिए स्कूल में सात शिक्षक तैनात थे. इसके बा.वजूद छात्र उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में फेल हो गया, जिससे न सिर्फ स्कूल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं, बल्कि पूरे राज्य की ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी बहस शुरू हो गई है.विद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों के शिक्षक तैनात हैं. कुल मिलाकर स्कूल में 6 शिक्षक, 1 क्लर्क और 1 भोजनमाता कार्यरत हैं. बा.वजूद इसके, जब 10वीं कक्षा का एकमात्र छात्र परीक्षा में फेल हो गया, तो यह सवाल उठने लगे कि आखिर शिक्षकों की भरमार होने के बाद भी छात्र को सफलता क्यों नहीं मिल सकी? यह घटना शिक्षा की गुणवत्ता पर सीधा सवाल है.मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने स्वयं स्कूल का दौरा किया और छात्र की शैक्षणिक स्थिति का मूल्यांकन किया.
उन्होंने बताया कि ष्छात्र को व्यक्तिगत रूप से परखा गया. उसके लेखन स्तर और समझ से यह स्पष्ट हुआ कि वह विशेष आवश्यकता वाला बच्चा है. उसके मान.सिक और शारीरिक विकास में भी बाधा है, जिसे उसके पिता ने भी स्वीकार किया है.स्कूल की वर्तमान स्थिति की बात करें तो कक्षा 6 से 10 तक अब कुल 12 छात्र पंजीकृत हैं, जिसमें 10वीं कक्षा में अब तीन छात्र पढ़ाई कर रहे हैं. इनमें पिछली बार फेल हुआ छात्र भी शामिल है. शिक्षा विभाग के अनुसार, यह विद्यालय अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है, और इसके आसपास 5 से 7 किलोमीटर के दायरे में अन्य इंटर कॉलेज भी हैं, जिसके चलते छात्र संख्या में गिरावट दर्ज की जा रही है.मामले की गहराई को समझते हुए शिक्षा विभाग ने अब शिक्षकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आसपास के गांवों से कक्षा 5 पास करने वाले सभी बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास करें. विभाग का कहना है कि ष्कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहना चाहिए.ष इसके साथ ही, नैनीताल जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सकारात्मक माहौल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं.यह घटना चाहे अकेली क्यों न हो, लेकिन यह पूरे राज्य के ग्रामीण शिक्षा तंत्र की हालत को उजागर करती है. यह दर्शाता है कि केवल संसाधन या शिक्षक पर्याप्त नहीं हैं, जब तक शिक्षा की गुणवत्ता और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार शिक्षण की व्यवस्था न की जाए. एक छात्र पर सात शिक्षक तैनात हो और फिर भी वह फेल हो जाए, तो यह न सिर्फ जवाबदेही का मामला बनता है, बल्कि यह सोचने पर मजबूर करता है कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की कितनी आवश्यकता है. यह घटना शिक्षा नीति, संसाधनों के उपयोग और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच की खाई को उजागर करती है. अब देखना होगा कि राज्य सरकार इस तरह के उदाहरणों से क्या सीख लेकर आने वाले दिनों में सुधारात्मक कदम उठाती है.

## ऑपरेशन सिंदूर पर सामने आई राकेश टिकैत की प्रतिक्रिया, किसान नेता ने लिया ये बड़ा फैसला



ऑपरेशन सिन्दूर के बाद देश में अलग–अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रहीं हैं. इसी कड़ी में किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिन्दूर पर बधाई दी है. उन्होंने कहा वे भारतीय सेना और भारत सरकार के हर फैसले के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं.इसके साथ ही उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए राकेश टिकैत ने सभी धरना–प्रदर्शन और आंदोलन तत्काल प्रभाव से स्थगित करने की घोषणा की है. उन्होंने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल्स फेसबुक और एक्स पर साझा की इसलिए किए स्थगित राकेश टिकैत ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसानों के हित में सभी प्रदर्शन स्थगित किए जा रहे हैं. हम शांति और सहयोग के पक्षधर हैं. प्रशासन को सहयोग की अपील इसी तरह, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने भी आंदोलन से संबंधित सभी आगामी कार्यक्रम, धरने और प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा की. उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील करते हुए कहा, हम प्रशासन के साथ मिलकर स्थिति को सामान्य बनाने में सहयोग करेंगे सभी किसान भाइयों से शांति बनाए रखने की अपील है.अभी स्थिति तनावपूर्ण यह फैसला ऐसे समय में आया है जब ऑपरेशन सिन्दूर के बाद देश के कई हिस्सों में तनाव की स्थिति बनी हुई है. किसान नेताओं का यह कदम माहौल को शांत करने और किसी भी तरह की अस्थिरता को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है. बीकेयू के दोनों नेताओं ने किसानों और समर्थकों से शांति बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है. सोशल मीडिया पर भी उनके इस फैसले को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है.

# हाथरस में आज नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

पहलगाम में आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाथरस में आज नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के नेतृत्व में यह अभ्यास रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में हुआ। गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार यह सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की गई।कार्यक्रम में एडीएम डॉ. बसंत अग्रवाल, एडीएम न्यायिक शिव नारायण शर्मा और एएसपी अशोक कुमार सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अग्निशमन अधिकारी राजकुमार बाजपेयी के साथ सभी उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी भी शामिल हुए।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी है। इसमें नागरिकों और छात्रों को



आत्म–सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता है। दुर्घटना के समय ब्लैकआउट उपायों की जांच की जाती है। साथ ही प्रमुख बुनियादी ढांचे को सुरक्षित रखने और निक.।सी योजनाओं का अभ्यास कराया जाता है।मॉक ड्रिल में दी विभिन्न जानकारियां मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का अभ्यास कराया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। यह अभ्यास आग, भूकंप, चिकित्सा आपात स्थिति या आतंकवादी हमलों जैसी परिस्थितियों से निपटने में मदद करेगा।

## यौन शोषण के आरोपी प्रोफेसर की जमानत याचिका खारिज

हाथरस के पीसी बागला कॉलेज के प्रवक्ता रजनीश कुमार की जमानत याचिका न्यायालय ने खारिज कर दी है। इस दौरान कोर्ट ने कहा– आरोपी ने शिक्षक जैसे पद पर रहते हुए इस तरीके का काम किया। आरोपी ने अपने पद का अपमान किया है। प्रोफेसर पर छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोप है। वह वर्तमान में अलीगढ़ जिला कारागार में बंद है। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ दो अलग–अलग मुकदमे दर्ज किए हैं।पहला मुकदमा 13 मार्च को हाथरस गेट के उप निरीक्षक सुनील कुमार ने दर्ज कराया। दूसरा मामला 16 मार्च को एक शिकायती पत्र के आधार पर सामने आया। पीड़ित छात्राओं ने बताया कि रजनीश कुमार ने उन्हें प्रतियोगी परीक्षाएं पास कराने और नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद उनका यौन शोषण किया। पुलिस जांच में ये आरोप सही पाए गए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी ने पीडिताओं के अश्लील फोटो और वेबसाइट पर अपलोड कर वीडियो वायरल किए थे।पुलिस ने 19 मार्च को प्रयागराज से रजनीश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो छात्राओं के अलावा एक महिला कर्मचारी के बयान भी दर्ज किए थे।मानव जाति को शर्मसार करने वाला घृणित कृत्य किया आरोपी की ओर से प्रभारी अपर सत्र न्यायाधीशध्एफटीसी प्रथम महेंद्र कुमार रावत की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी।न्यायालय ने अपने आदेश में कहा– अभियुक्त, जो एक शिक्षण संस्थान में प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत था। आरोपी ने गुरु–शिष्य के सम्माननीय संबंधों का दुरुपयोग करते हुए छात्राओं को कृत्य के लिए मजबूर किया। यह कृत्य मानव जाति को शर्मसार करने वाला और अत्यंत घृणित है। पीडिताओं के बयानों की पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध फोटोग्राफ से होती है।न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त के इस कृत्य से शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है। इससे समाज में शिक्षक जैसे सम्माननीय पद की गरिमा का अपमान किया। अभिभावकों के मन में अपनी बेटियों को संस्थानों में भेजने को लेकर डर और शंका उत्पन्न होती है। अभियुक्त द्वारा किया गया अपराध न केवल शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है, बल्कि उसकी प्रकृति भी गंभीर और घृणित है।मामले के तथ्यों, परिस्थितियों और अपराध की गंभीरता को देखते हुए अभियुक्त की जमानत याचिका बिना गुणावगुण पर विचार किए निरस्त किए जाने योग्य पाई गई।अब पूरा मामला जानिए...दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा। साथ ही फोटो–वीडियो भी भेजे थे। छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए



जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया।उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो–फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई, लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, तब तक वह फरार हो गया।छात्रा का लेटर जो महिला आयोग को लिखा गया श्आपको बताना चाहती हूं कि प्रोफेसर रजनीश कुमार कई छात्राओं का यौन–शोषण कर रहा है। वह दरिंदा है। वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता है। वीडियो बनाकर उनका शोषण करता है। मैं एक साल से पीएमओ से लेकर सीएम कार्यालय तक इसकी शिकायत कर रही हूं, लेकिन प्रोफेसर इतना ताकतवर है कि किसी भी शिकायत पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।मोदी सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओका समर्थन करती है, लेकिन फिर भी ऐसे दरिंदे बेखौफ होकर बेटियों के साथ दरिंदगी कर रहे हैं। इस दरिंदे से मैं इतनी परेशान हूं कि कभी–कभी आत्महत्या करने का विचार आता है।कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष और मैनेजमेंट को प्रा.ेफेसर की करतूतों के बारे में बताया। उन्हें सबूत भी सौंपे, लेकिन उन्होंने कोई कार.वाई नहीं की। जब तक इस दुष्ट पर कोई कार्रवाई नहीं होती, मैं हार नहीं मानूंगी।ऐसा लगता है कि कॉलेज के प्रधानाचार्य और मैनेजमेंट की शह पर प्रोफेसर कॉलेज की छात्राओं का शोषण कर रहा है। वह भोली–भाली छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा पास कराने और नौकरी के नाम पर बहलाता–फुसलाता है। फिर उनके साथ गलत काम करता है और वीडियो भी बनाता है।उसके फोटो–वीडियो मेरे हाथ लगे हैं, जिन्हें मैं प्रमाण के रूप में इस पत्र के साथ भेज रही हूं। अब तक मैंने अलग–अलग नाम से शिकायतें की हैं, क्योंकि अगर दरिंदे को मेरे बारे में पता चल गया, तो वह मुझे मरवा देगा। यह शिकायत भी मैं अपनी पहचान छिपाकर कर रही हूं।रजनीश पिछले 20 साल से कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं का यौन–शोषण कर रहा है। मेरी जैसी छात्राओं की इज्जत बचा लीजिए, नहीं तो यह दरिंदा रजनीश कुमार न जाने कितनी और छात्राओं की इज्जत लूट लेगा। लो. कलाज के कारण छात्राएं कुछ नहीं कहेंगी। सामने दिख रहे फोटो और वीडियो के आधार पर इस प्रोफेसर पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।श्अब पढ़िए प्रा.ेफेसर रजनीश के बारे में रजनीश कुमार मथुरा की मांट तहसील के गांव जावरा का रहने वाला है। उसका जन्म 1971 में हुआ था। शुरुआती पढ़ाई–लिखाई मथुरा में ही हुई थी। ग्रेजुएशन अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से किया। रजनीश दो भाई है। बड़ा भाई मथुरा में गांव में रहता है। बड़े भाई की पत्नी सरकारी टीचर है।इसी गली में प्रोफेसर रजनीश का घर है। यहां कोई उसके बारे में बात करने को तैयार नहीं है।माता–पिता की मौत के बाद प्रोफेसर ने अपने हिस्से की प्रॉपर्टी बेचकर हाथरस के चमन विहार कॉलोनी में 3 मंजिला घर बना लिया था। नीचे के फ्लोर पर किराएदार रहते हैं। सेकेंड फ्लोर पर प्रोफेसर रजनीश कुमार पत्नी के साथ रहता है। तीसरा फ्लोर खाली पड़ा है। उसके घर से बागला डिग्री कॉलेज से 1 किमी दूर है।गांव वालों ने बताया– रजनीश 25 साल पहले यहां से चला गया था। उसकी तीन शादियां हुईं। पहली पत्नी से तलाक हो चुका है। इसके बाद उसने दूसरी शादी की। उससे भी झगड़ा चल रहा है। अभी तीसरी पत्नी के साथ हाथरस में रहता है। उसका कैरे.क्टर शुरुआत से ही ठीक नहीं रहा। गांव में भी एक–दो बार ऐसी शिकायतें आई थीं।हाथरस के प्रोफेसर ने 3 शादियां कीं, फिर भी बेऔलाद, पड़ोसी बोले– पता नहीं था उसके अंदर इतनी हैवानियतय गांव वालों ने कहा– गंदा आदमी यूपी के हा.थरस का बागला डिग्री कॉलेज पिछले 2 दिन से काफी चर्चा में है। इस कॉलेज में तैनात भूगोल के प्रोफेसर रजनीश कुमार अभी भी फरार है। उस पर 65 छात्राओं का यौन शोषण करने का आरोप है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## हाथरस में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामवीर सिंह दादू का निधन

हाथरस में लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामवीर सिंह दादू का आज सुबह निधन हो गया। वह पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। दादू ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे। साथ ही सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर लेबर कॉलोनी के पूर्व प्रबंधक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक भी थे।उनके निधन की खबर फैलते ही उनके निवास पर लोगों का तांता लग गया। काफी गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। इनमें भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व विधायक राजवीर सिंह पहलवान, ै के जिला संघचालक डॉ यूएस गौड़, जिला कार्यवाह रामकिशन शामिल थे। राधा माधव शर्मा एडवोकेट, सभासद सुनील पंडित आशीष सेंगर, मनोज अगि.नहोत्री ने भी उनके निधन पर शोक जताया हैं।समाजसेवियों ने उनके निधन पर शोक जताया अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ठाकुर रावेंद्र सिंह सिकरवार और ठाकुर जोगेन्द्र सिंह ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यवसायियों ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

## हाथरस में बिजलीघर पर किसानों ने की . नारेबाजी, अधिकारियों को दी चेतावनी

हाथरस में भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने मथुरा रोड स्थित ओडपुरा बिजली घर पर प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में अत्यधिक बिजली कटौती हो रही है। रोस्टर के अनुसार सप्लाई नहीं मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। 10 घंटे नियमित बिजली मिलनी चाहिए लेकिन बिजली नहीं मिल रही।प्रदर्शनकारियों ने कुछ जूनियर इंजीनियरों पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान आज बिजली घर की तालाबंदी करने आए थे। लेकिन सेना के ऑपरेशन



सिंदूर के कारण अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।तालाबंदी करने की दी चेतावनी किसानों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली कटौती की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे पुनः धरना देंगे और बिजली घर की तालाबंदी करेंगे। अधिशासी अभियंता विश्वेंद्र चौहान से वार्ता के बाद प्रदर्शनकारी वापस लौट गए। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया।

## सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर हाथरस में जश्न

हाथरस में सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संगठनों ने जश्न मनाया। भाजपा ने शहर के मोहनगंज में कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, संजय सक्सेना, मूलचंद वार्ष्णेय समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स ने सरकार के निर्णय और सेना की कार्रवाई की सराहना की।संगठन ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। यह कार्रवाई इतिहास में दर्ज की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वार्ष्णेय, उपवेश कौशिक, कमलकांत दोबराबाल, राजेश वार्ष्णेय, हीरेंद्र वार्ष्णेय, नरेंद्र शर्मा, आलोक सारस्वत समेत काफी लोग उपस्थित रहे।सेना के कदम की जमकर प्रशंसा भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के मुख्य संरक्षक के पी सिंह ठेनुआं, राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने सेना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। सेना ने साबित कर दिया है कि भारत अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने में सक्षम है। इसके अलावा अन्य संगठनों ने भी जश्न मनाया।पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। नारेबाजी करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। एक सामाजिक संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए।

## हाथरस के घंटाघर स्थित सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में वक्फ संशोधन अधिनियम पर अल्पसंख्यक संवाद सभा का आयोजन किया गया

हाथरस के घंटाघर स्थित सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल में वक्फ संशोधन अधिनियम पर अल्पसंख्यक संवाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक अंजुला माहौर ने की। मुख्य अतिथि मैनपुरी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी रहे।मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह चौहान ने बताया कि 2013 में कांग्रेस सरकार ने वक्फ को असीमित शक्तियां दे दी थीं। उनके अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य था – न खाता ना बही, जो वक्फ कहे वही सही।भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि विपक्षी दलों ने इस संशोधन को लेकर समाज में भ्रांतियां फैलाई हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में विपक्षी नेताओं ने वक्फ की संपत्तियों पर मल्टीनेशनल बिलि.डंग, अपार्टमेंट, मार्केट, होटल और थिएटर बनाए। अब जांच में गलत पाए जाने पर इन संपत्तियों पर सरकार का बुलडोजर चलेगा।सदर विधायक अंजुला माहौर ने आश्वस्त किया कि इस संशोधन से सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शब्बीर अहमद, महामंत्री समीर घोसी, नवाब कुरैशी, हुमायूं खान, संजय सक्सेना, विष्णु बघेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा और सेंट जॉन्स स्कूल की डायरेक्टर सुचेता जॉन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हाथरस के सासनी स्थित सी मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में एनसीसी की 9 यूपी बटालियन द्वारा एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

हाथरस के सासनी स्थित सी मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में एनसीसी की 9 यूपी बटालियन द्वारा एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 7 मई, 2025 को स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पवन कुमार और सूबेदार मेजर मान.वेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह ड्रिल संपन्न हुई।नायब सूबेदार केबी तारू ने कैडेट्स को युद्ध जैसी परिस्थितियों में बचाव के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तरह की ट्रेनिंग से युद्ध की स्थिति में नागरिकों को कम नुकसान होता है। साथ ही लोगों में घबराहट भी नहीं फैलती। स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती पारूल सारस्वत ने एनसीसी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीटीओ कुलदीप उपाध्याय और सीटीओ बंटी कुमार भी मौजूद रहे।

## सादाबाद तहसील के भूतपूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक का समर्थन किया

सादाबाद तहसील के भूतपूर्व सैनिकों ने पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक का समर्थन किया है। उनका मानना है कि आतंकवाद को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान को नष्ट करना जरूरी है।1971 के युद्ध में नौसेना में सेवारत रहे लीडिंग सेलर विष्णु स्वरूप शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। सुखराम गांव के निवासी शर्मा 1969 में नौसेना में भर्ती हुए थे। 1971 के युद्ध से पहले उन्हें कराची के पास तैनात किया गया था। युद्ध शुरू होने पर उन्हें कराची बंदरगाह पर कब्जा करने और वहां की रिफाइनरी को नष्ट करने का आदेश मिला।शर्मा ने बताया कि मिशन के दौरान पाकिस्तानी पनडुब्बी ने उनके एक पोत को डुबा दिया। फिर भी, उनकी टीम ने रात में कराची बंदरगाह पर कब्जा कर लिया और रिफाइनरी को पूरी तरह नष्ट कर दिया। युद्धविराम तक वे वहीं डटे रहे। वापसी के दौरान अमेरिकी नौसेना के सातवें बेड़े ने उन्हें घेर लिया, लेकिन रूस के सहयोग से वे सुरक्षित लौट आए।1968 में सेना में भर्ती हुए सैनिक महेंद्र सिंह ने जैसलमेर सेक्टर की कहानी सुनाई। पाकिस्तान के लगभग 70 टैंक भारतीय सीमा में घुस आए थे। भारतीय वायुसेना के हमले में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और बाकी टैंक छोड़कर भाग गए। ये टैंक आज भी देश के विभिन्न शहरों के चौराहों पर प्रदर्शित हैं।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं यूपी ग्रामीण आजीविका मिशन की संयुक्त बैठक सम्पन्न

## केंद्र व प्रदेश सरकार के उच्चस्तरीय अधिकारियों ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक




अलीगढ़ भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (न्देस्ड) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथसाथ जिले के प्रमुख विभागीय अधिकारियों ने भी प्रतिभाग किया। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन, रोजगार सृजन, समेकित विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा और समन्वय को सशक्त बनाना रहाप्रभारी जिलाधिकारी व सीडीओ प्रखर कुमार सिंह और ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार से निदेशक रमन वाधवा ने टीम के सदस्यों के साथ ग्रामीण आजी. विका कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, महिला उद्यमिता विकास, कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन और बाजार से जोड़ने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभागीय समन्वय एवं जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए कहा कि महिलाओं की आ. जीविका संवर्धन के लिए स्वयं सहायता समूहों को विशेष सहयोग, प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, विपणन एवं उद्यमिता विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। सभी सदस्यों ने भविष्य की रणनीति पर ध्यान केंद्रित करते हुए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर विभागवार एवं बिंदुवार विस्तार से विचार विमर्श किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने विभागीय कार्यों, प्रगति एवं भविष्य की रणनीतियों से निदेशक एवं टीम के सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में सभी अधिकारियों ने ग्रामीण विकास को गति देने एवं आपसी सहयोग से योजनाओं को जनजन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। बैठक में विचार विमर्श किया गया कि कृषि के साथसाथ अन्य किस प्रकार से ग्रामीण परिवारों की आय को बढ़ा सकते हैं। चर्चा के दौरान बात निकल कर आई कि वर्तमान में महिलाओं के छोटेछोटे समूह बनाकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में महिला सशक्तिकरण पर सफलतापूर्वक कार्य किया गया है। इन प्रयासों में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने और सामाजिक सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब इस अभियान को और व्यापक रूप देते हुए इसका दायरा युवाओं, महिलाओं, भूमिहीन एवं छोटेमझोले किसानों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें खुशहाली की ओर ले जाना है।प्रभारी जिलाधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने कहा कि आज हुए विचार–विमर्श के परिणाम स्वरूप युवा, महिलाएं, भूमिहीन एवं छोटेमझोले किसान न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगे बल्कि सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता से उनके जीवन में खुशहाली आएगी।बैठक में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार से निदेशक रमन वाधवा, नेशनल मिशन मैनेजर विवेक कुंज, सौरभ राय, अनिल कुमार, संजीव जोसफ, श्री प्रकाश एवं संयुक्त मिशन निदेशक सुधा देवी शुक्ला, राज्य मिशन प्रबंधक सत्यजीत शुक्ला, लीड मॉडल सीएलएफ अजय कुशवाहा, परियोजना निदेशक डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेंद्र कुमार, उप कृषि निदेशक (प्रसार) यशराज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी दिवाकर त्रिपाठी, सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या, सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ, जिला कार्यक्रम अधिकारी के0के राय, खंड विकास अधिकारी टप्पल बी0के0 तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), सहायक विकास अधिकारी (पं0), समस्त जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक टप्पल, सहित अन्य विकास कार्यक्रमों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए जिला न्यायाधीश 08 मई को करेंगे बैठक

अलीगढ़ जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार की अध्यक्षता में 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए 08 मई को जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में सांय 04:30 बजे बैठक आहुत की जाएगी।अपर जिला जज एवं पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

## मा0 अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश श्री सतीश महाना 08 व 09 मई को अलीगढ़ में

अलीगढ़ मा0 अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश श्री सतीश महाना 08 मई को रेल मार्ग द्वारा सांय 08:15 बजे अलीगढ़ पहुँचेंगे। मा0 अध्यक्ष की अवस्थान व्यवस्था सर्किट हाउस में की गई है। वह 09 बजे होटल रमाडा में आयोजित वैवाहिक समारोह में सम्मिलित होंगे। 09 मई को अपरान्ह 01 बजे भारत उप्पल, महावीर पार्क मैरिस रोड के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे, तदोपरांत रेल मार्ग द्वारा कानपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पोषण पाठशाला का 08 मई को होगा आयोजन

अलीगढ़ जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि 08 मई को पोषण पाठशाला का आयोजन पूर्व वर्ष की भाँति 11 बजे से 1:30 बजे तक एनआईसी के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की पोषण पाठशाला की थीम श्शमातृ पोषण एवं गर्मी में शिशु पोषण व अन्य देखरेखश्श निर्धारित की गयी है। पोषण पाठशाला में विभागीय अधिकारियों के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से चर्चा की जायेगी और वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य लोगों द्वारा पूछे गये प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी किया जायेगा, जिसका वेब लिंक https//webcast-gov-in/up/icके है। इस लिंक के माध्यम से सभी लाभार्थी ध् जनमानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड सकते है।डीपीओ श्री राय ने पोषण पाठशाला के सफल क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश दिए हैं कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएँ, ऑगनबाडी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाएँ इस कार्यक्रम में वेब लिंक के माध्यम से अनिवार्य रूप से जुडना सुनिश्चित करें। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगें कि उनकी परियोजना की सभी ऑगनबाडी कार्यकत्री एवं मिनी ऑगनबाडी एवं सहायिकाओं को इस कार्यक्रम में वेब लिंक के माध्यम से जुडें व उपरोक्तानुसार ऑगनबाडी केन्द्र पर लाभाि. र्थयों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी ऑगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा अपने केन्द्र पर पंजीकृत गर्भवती व धात्री महिलाओं धात्री, अभिभावकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। जो लाभार्थी किसी कारणवश केन्द्र पर नहीं आ पायेंगे, वह यथासम्भव अपने घरों से वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुडेगें। ऑगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उनका मोबाइल फोन पूरी तरह चार्ज हो, ऑगनबाडी केन्द्र पर लाभार्थियों के बैठने व पेयजल की समुचित व्यवस्था हो।

## अन्य पिछडे वर्ग के पात्र व्यक्ति शादी अनुदान योजनान्तर्गत करें आवेदन

अलीगढ़ जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा अन्य पिछडे वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश दिये गये हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये लाभार्थी बैंक खाते में विभाग द्वारा पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रेषित की जाती है।उन्होंने नवीन दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक के पास ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपना आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पास. बुक (जिसमें पूर्ण विवरण हों), शादी का कार्ड होना आवश्यक है। आवेदक की आय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक लाख रूपये प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। उन्हा. ंने बताया कि योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों की वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है किन्तु उक्त अबधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिये।उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के जातियों की सूची में सम्मिलित अल्पसंख्यक वर्ग से सम्बन्धित जातियों एवं वर्ग के आवेदक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से अनुदान के लिए पात्र नहीं हैं। विवाह के लिए किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी के लिए अनुदान अनुमन्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरान्त विगत वित्तीय वर्ष की कोई भी मांग अगले वित्तीय वर्ष में अग्रेणीत नहीं की जाएगी। शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशानिर्देश बेबसाइट Shadianudan-upsdc-gov.पद पर प्रदर्शित है। अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

### उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार आज अलीगढ़ जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान रक्षा यात्रा निकल जाने का कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार आज अलीगढ़ जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान रक्षा यात्रा निकल जाने का कार्यक्रम था । क्योंकि आज रात भारतीय सैना ने पाकिस्तानी सीमाओं के अंदर आतंकवादियों के अड्डों पर काफी बड़ा सर्जिकल स्ट्राइक किया इसीलिए मौके की गंभीरता को देखते हुए आज होने वाली यह संविधान यात्रा स्थगित कर दी गई और भारत की जांबाज सैनाएं व उनके शौर्य को सलाम करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक विवेक बंसल के कार्यालय मैरिस रोड पर एक एकजुटता का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि भारतीय सैनाओं का यह सर्जिकल स्ट्राइक उसके शौर्य का परिचय है जिसके लिए हम देश के वीर जवानों को सलाम करते हैं । इस अवसर पर यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान, प्रदेश सचिव अखिलेश शर्मा, सेवादल कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहम्मद जियाउद्दीन राही, पूर्व शहर अध्यक्ष तल्हा अबरार, पूर्व अध्यक्ष सलाउद्दीन वसी,पुरनचंददेशमुख, विनसैंट जॉयल,पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, कफील अहमद खान, जितेंद्र कुमार तोशी, सय्यद शहजाद हुसैन, अकील कुरैशी, ज्ञान सिंह दिवाकर, आमिर मुंतजिर, रोदाश सिंह, मो. हम्मद चमन अल्वी, चौधरी वीरेंद्र सिंह, रा. जेंद्र कुमार भल्ले, शादाब फजल, अरविन्द शर्मा, सोमेश चौहान, यतेंद्र कुमार, सय्यद अलीम, चाहत शाह, चांद वारसी, उपेंद्र शर्मा, सैफउल्लाह रजा, हरि शंकर, विशाल कुमार, हसीब खान, नौशाद खान, अनस सिराज, अनिल पंडित आदि के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## भाजपा नेता की दुकान में सेंधमारी शटर काटकर 70 हजार नकद व 16 मोबाइल हुयी चोरी

मामू भांजा बाजार स्थित भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष मोनू अग्रवाल की मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी करते हुए करीब 70 हजार रुपये नकद व एक लाख रुपये कीमत के 16 मोबाइल फोन चुरा लिए। गांधी पार्क क्षेत्र के बीदास कंपाउंड निवासी मोनू अग्रवाल की दुकान मामू भांजा बाजार में है। सोमवार को वे एक विवाह समारोह में शामिल होने चले गए थे और उनके कर्मचारी दुकान बंद कर चले गए थे। मंगलवार सुबह लगभग 7रू30 बजे जब मोनू अग्रवाल मंदिर जा रहे थे, तो उन्होंने देखा कि दुकान का शटर खुला हुआ है। पास जाकर देखा तो लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखे 70 हजार रुपये नकद गायब थे। इसके अलावा 16 पुराने आईफोन व एंड्रॉइड फोन, जो रिपेयरिंग के लिए आए थे, वो भी चोरी हो चुके थे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर पता चला कि सोमवार रात 9रू30 बजे एक युवक कुछ लोगों के साथ दुकान की रेकी करता नजर आया, और देर रात 2रू30 बजे वह शटर काटकर दुकान में घुसा व चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही थाना गांधी पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है।

### ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने किया खुशियों का इजहार

अलीगढ़ ।आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई कार्यवाही के बाद पूरे देश में खुशी की लहर है जबकि इसी उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों द्वारा खुशी का इजहार किया गया।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा एक जुलूस सराय हकीम से बारहद्वारी तक निकाला गया जहां पर व्यापारियों ने भारत माता की जय जय कार करते हुए हाथों में तिरंगे झंडे लेकर अपने उत्साह का इजहार किया। इसके अलावा चौराहे पर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी हुई और आतिशबाजी चला कर व मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी और महामंत्री आशीष डिस्पोजल में संयुक्त रूप से कहा कि देश की 143 करोड़ जनता पूर्ण रूप से प्रधानमंत्री मोदी जी तथा भारतीय सेना के साथ है और आतंकवाद की लड़ाई में देश का हर एक नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथ मजबूत करेगा ताकि इस आतंकवाद को जल्दी से जल्दी खत्म किया जा सके।इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जय गोपाल वीआईपी और महामंत्री आशीष डिस्पोजल के अलावा देवेश गोयल,सतीश वार्ष्णेय,अनुज जिंदल,ह्रदेश गुप्ता,हिमांशु वार्ष्णेय,दीपेन्द्र मित्तल,ललित वार्ष्णेय,एडवोकेट मुकेश गुप्ता,डाक्टर मुकेश गुप्ता,अजय शर्मा, भुवनेश दयाल आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।






# कासगंज : देउरईया कांड का मुद्दा...दूसरी तरफ मुख्यमंत्री दौरे की सुगबुगाहट, तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



कासगंज रू एक ओर जहां देउरईया में हुए बवाल का मामला प्रशासन के लिए सिरदर्द बना हुआ है और यह घटना अब राजनीतिक रंग ले चुकी है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे की सुगबुगाहट तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री के दौरे की संभावित तिथि 12 मई मानी जा रही है।मुख्यमंत्री के दौरे की आशंका को लेकर प्रशासन और भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं। जिला प्रशासन और भाजपा की जिला इकाई इस संभावित दौरे को लेकर सक्रिय हो गई हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के आगमन का अब तक कोई आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासनिक सक्रियता और प्राप्त जानकारियों के अनुसार, उनका दौरा 10 मई के बाद कभी भी हो सकता है।इस प्रस्तावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री नव निर्मित पुलिस लाइन भवन का लोकार्पण करेंगे। साथ ही जनपद को कई और सौगातें भी मिल सकती हैं। वह जिले में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर सकते हैं। शासन की ओर से मुख्यमंत्री के दौरे के संबंध में जानकारी जिला प्रशासन से मांगी गई है, जिन्हें नियमित रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा जा रहा है।जिलाधिकारी मेधा रूपम और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पुलिस लाइन का दौरा कर कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा ले लिया है। मंगलवार को भी प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी तैयारियों में व्यस्त रहे। वहीं भाजपा भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाने में जुटी हुई है।भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है और वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए स्थल चयन की प्रक्रिया जारी है।

# कासगंज में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के बहाने युवती से दुष्कर्म

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



कासगंज में युवती से हुए दुष्कर्म किया। इस घिनौने अपराध को छिपाने के लिए उसने झूठी शादी रची। आरोपित ने उसकी कुछ तस्वीर वायरल भी कर दी है। युवती ने जब इसकी शिकायत करने की बात की तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।नगरपालिका परिषद कासगंज में सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने के बहाने से एनजीओ के प्रबंधक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। घटना के छिपाने के लिए सोरों जाकर मंदिर में युवती से शादी का नाटक किया।शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी और फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे रहे हैं। कुछ फोटो प्रसारित भी कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित उनकी मां ओर उसके दोस्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।शहर की रहने वाली युवती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उसने वर्ष 2023–24 में सहावर गेट नवरंग कालोनी बालाजी पैलेस स्थित मिशन शक्ति से सिलाई/कढ़ाई का कार्य सीखा था। इसके एनजीओ का प्रबंधक अभयप्रिय श्रीवास्तव निवासी न्यू माधवपुरी थाना कासगंज है। अभयप्रिय के साथ उसकी मां संतोषी देवी और उसका दोस्त आशू निवासी नगला अस्तल सहावर गेट एनजीओ चलाते हैं।अभयप्रिय ने उसे नगरपालिका परिषद कासगंज में सुपरावइजर की नौकरी दिलाने को कहा था। इस पर वह तैयार हो गई। नगरपालिका में प्रार्थना पत्र देने के लिए तीन चार कोरे कागजों पर उसके हस्ताक्षर करा लिए और उन्हें अपने पास रख लिया। इसके कुछ दिन बाद अभयप्रिय, आशू और संतोषी के साथ मिलकर उसे नौकरी के कागजात तैयार करने के लिए अपने घर बुला लिया। वह गई तो तीनों ने षड्यंत्र के तहत उसे कमरे में बंद कर लिया। अभयप्रिय ने उसके साथ दुष्कर्म किया।शादी का किया वादाअभयप्रिय ने उससे शादी का वादा किया। पांच मार्च 2025 का तीनों आरोपित उसे सोरों स्थित मंदिर ले गए। जहां डरा धमकाकर शादी का नाटक किया। जानकारी पर उसके माता पिता वहां पहुंच गए। पुलिस भी आ गई। वहां बदनामी के डर दिखाकर उसे माता पिता के साथ घर भेज दिया।जान से मारने की धमकी दे रहा अब अभयप्रिय और उसका दोस्त आशू उसको जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसके साथ खिंचे गए फोटो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दे ब्लैकमेल कर रहा है। घर से उठाने की धमकी दे रहा है। उसने कुछ फोटो प्रसारित भी कर दिए हैं। इतना ही नहीं चाचा को भी घर जाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत

# कासगंज में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी कार्यालय में जश्न का माहौल रहा

कासगंज में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी कार्यालय में जश्न का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लेकर भारत माता की जय और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। बीती रात भारतीय सेना ने पहलगाम की घटना का जवाब देते हुए आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इस कार्रवाई में सेना ने आतंकियों के कई ठिकानों को नष्ट किया।सूत्रों के अनुसार, इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। बीजेपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी और जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप ने भारतीय सेना की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। माहेश्वरी ने कहा कि आने वाले समय में पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान, पाकिस्तान के नक्शे में नहीं रहेंगे।

# जातिगत जनगणना की तारीख तय करने की मांग एटा में जन अधिकार पार्टी ने डीएम को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

एटा में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जातिगत जनगणना की तिथि निर्धारित करने की मांग की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मोरपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।उपजिलाधिकारी राजकुमार सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा तो की है। लेकिन अभी तक इसकी तिथि तय नहीं की गई है। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।मंडल अध्यक्ष प्रवेश कुमार सखी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। पार्टी की मांग है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द जनगणना की तिथि घोषित करे।

# पहलगाम हमले का लिया बदला, एटा में लोगों ने पटाखे फोड़कर मनाया जश्न

भारतीय सेना और वायु सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सफल कार्रवाई की है। यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब है। पहलगाम की बैसारन घाटी में 15 दिन पहले हुए आतंकी हमले में 28 लोगों की जान गई थी।मंगलवार की देर रात भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस कार्रवाई के बाद पूरे देश में खुशी का माहौल है। एटा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर लोगों ने जमकर जश्न मनाया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और वैश्य एकता परिषद के कार्यकर्ता यहां एकत्र हुए।पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को करारा जवाब दियाविश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री शिवांग गुप्ता ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में छिपे आतंकियों को करारा जवाब दिया है। वैश्य एकता परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश के लोग बेचौन थे।एटा में लोगों ने पटाखे और आतिशबाजी की। उन्होंने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। इस जश्न में बजरंग दल के जिला संयोजक आकाश और नितिन भी शामिल हुए। भारतीय सेना की इस कार्रवाई से देशभर में उत्साह का माहौल है।

# कासगंज के सोरों गेट स्थित पुलिस चौकी के पास आज एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत



सोरों गेट स्थित पुलिस चौकी के पास आज एक विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एसडीएम संजीव कुमार और कार्यकारी अधिकारी पूजा श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह अभ्यास संपन्न हुआ।यह मॉक ड्रिल पहलगाम में हुए हमले के बाद आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी को परखना था। इस दौरान युद्ध जैसी स्थिति में घायलों को अस्पताल पहुंचाने, प्राथमिक उपचार और अन्य आवश्यक कार्यवाहियों का अभ्यास किया गया।भारत–पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव को देखते हुए यह मॉक ड्रिल विशेष महत्व रखती है। इस अभ्यास में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, कासगंज स्वास्थ्य विभाग, और फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौजूद रहे।इस मॉक ड्रिल के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

# एटा में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जातिगत जनगणना की तिथि निर्धारित करने की मांग की

एटा में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जातिगत जनगणना की तिथि निर्धारित करने की मांग की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मोरपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।उपजिलाधिकारी राजकुमार सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना की घोषणा तो की है। लेकिन अभी तक इसकी तिथि तय नहीं की गई है। जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल कुशवाह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।मंडल अध्यक्ष प्रवेश कुमार सखी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश पर सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। पार्टी की मांग है कि केंद्र सरकार जल्द से जल्द जनगणना की तिथि घोषित करे।

# जनपद कासगंज पुलिस ने चौकिंग के दौरान अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक कासगंज सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री राजेश कुमार भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा 02 अभि0गण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तार अभि0गण के कब्जे से 40 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित थानों पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण––थाना कासंगज––1. चन्द्रपाल पुत्र श्री बाबूराम निवासी दिहारी थाना कासगंज जिला कासगंज पंजीकृत मु0अ0सं0 350/25 धारा 60 आबकारी अधिनियमबरामदगी–– 20 क्वार्टर अवैध देशी शराबथाना गंजडुण्डवारा––2. अनिल कुमार पुत्र गेंदलाल निवासी मौ0 सद्दाम नगर कस्बा व थाना गंजडुण्डवारा, कासगंजपंजीकृत मु0अ0सं0 170/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम बरामदगी–– 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब

# ऑपरेशन सिंदूर पर कासगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



कासगंज में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न का माहोल है। बुधवार को बारहद्वारी घंटाघर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर सेना की कार्रवाई का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदेमातरम के नारे लगाए।भाजपा नेता बिजेश वर्मा ने कहा कि आधुनिक भारत अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने बताया कि पहलगाम की घटना का बदला मात्र 15 दिनों में लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक से पूरे देश में खुशी का माहौल है।नगर संघचालक राकेश पाराशर ने कहा कि सेना ने प्रधानमंत्री के वादे को पूरा किया है। मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का नाम देश की महिलाओं को समर्पित है।कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता और भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# कासगंज ऑपरेशन सिंदूर से पड़ी कलेजे में ठंडक

पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूत होने के बाद जिले के लोगों में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय और सेना के एक्शन को सराहनीय कदम बताया है। लोगों ने अपनी–अपनी प्रतिक्रिया देकर जड़ से आतंकवाद खत्म करने की मांग की है, ताकि फिर किसी के मांग का सिंदूर न उजड़े। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय ने कहा कि पाकिस्तान पर जो भारतीय सेना ने हमला किया है वह सराहनीय है, लेकिन इसके साथ साथ पाक अधिकृत कश्मीर को अपने कब्जे में लेना चाहिए। जिससे आतंकवाद पूरी तरह खत्म किया जा सके, ताकि हमारी बहन बेटियों के मांग का सिंदूर दोबारा न उजड़े। सपा जिलाध्यक्ष, कासगंज विक्रम यादव ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादी देश है। हिंदुस्तान की सेना का पाक पर हमला बहुत जरूरी था, क्योंकि पाकिस्तान को लगातार बढ़ावा मिल रहा था। आतंकी हफीज सईद को पकड़ कर पहलगाम में लाकर अंत किया जाए, तब पहलगाम का बदला पूरा होगा।समाज सेविका निरुपम राठी ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछ कर जो हमारी मां, बहनों के माथे का सिंदूर उजाड़ा था उसके बाद से हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बहुत उम्मीद थी कि वह कुछ कदम जरूर उठायेंगे। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारी उम्मीदों से ज्यादा पाकिस्तान को सबक सिखा दिया। राज्य महिला की सदस्य रेनू गौड़ ने कहा कि बेटे की तस्वीर के आगे रो–रोकर एक मांग का सिंदूर भींग गया था। अब वहीं सिंदूर आतंकवादियों के लिए लाल खतरे का निशान बन गया है, आतंक पर तांडव मचा रहा है। आतंकवादियों के नौ ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाकर संदेश दिया गया कि भारत अब सहन नहीं करेगा, बल्कि जवाब भी देंगा।